transport has simultaneously decreased or it has gone up at your cost?

**श्री नीतीश कुमार :** यह मेरी समझ से अभी जो ढुलाई में कमी आई है, इस का डाइवर्शन से लिंकेज नहीं है। इस का ज्यादा लिंकेज रेसेशन के साथ है।

SHRI S. R. BOMMAI: Sir. road transport is cheaper, speedier and safer, and there is delivery at the door. Will the Railways think of efficiency, stopping pilferage and eliminating delays in transport and settlement of claims as early as possible?

**श्री नीतीश कुमार :** सर, माननीय सदस्य बोम्मई साहब का सुझाव ठीक है और हम लोग रोज उस दिशा में प्रयास कर रहे है। रेक्स की एफीसिएंसी बढ़ाई जाए, स्पीड बढ़ाई जाए और कंटेनर डिपोज भी जगहजगह खोले गए हैं। जिस प्रकार की मांग है, उस हिसाब से उन की सेवा करने के लिए हम एक नहीं अनेक कदम उठा चुके हैं।

MR. CHAIRMAN: The Question Hour is over.

## WRITTEN ANSWERS TO STARRED QUESTIONS

### "तेजी से हो रहे शहरीकरण के कारण लोग स्वास्थ्य और पर्यावरणीय संकट"

*545. **चौधरी हरमोहन सिंह यादव:**

**श्री ईश दत्त यादव:**

क्या पर्यावरण और बन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को देश में तेजी से हो रहे शहरीकरण के कारण लोक स्वास्थ्य तथा पर्यावरणीय संकट संबंधी बढ़ती समस्याओं की जानकारी है, और

(ख) यदि हां, तो देश में विशेषकर बहुत शहरों में इस स्थिति पर काबु पाने के लिए अब तक क्या कार्य योजना आरम्भ की गई है ?

**पर्यावरण और वन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बाबू लाल मरांडी):** (क) जी, हां। तीव्र शहरीकरण से आवास और नागरिक सुविधाओं की कमी, ट्रैफिक जमाव, गंदी बस्तियों का विस्तार और पर्यावरण अक्क्रमण की समस्साएं पैदा होती है जिससे जीवन की गात्मकता प्रभावित होती है।

### विवरण

### जन स्वास्थ्य और तीव्र शहरीकरण के कारण पर्यावरणीय संकट के संबंध में विवरण

(ख) सरकार ने तीव्र शहरीकरण और अवक्रमण को रोकने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं जिनमें निम्नलिखित शामिल है:-

(1) एक मेगासिटी स्कीम, जो कि कलकत्ता, मुम्बई, चेन्नई, हैदराबाद और बंगलौर शहरों पर लागू है, शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय द्वारा शुरू की गई है ताकि तीव्र शहरीकरण की आवश्यकता को पूरा करने के लिए उनके आधारभूत ढांचे का विकास किया जा सके।

(2) मेगा शहरों के ईर्द-गिर्द छोटे और मध्यम नगरों के एकीकृत विकास की स्कीम भी शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय द्वारा शूरू की गई है ताकि मेट्रो शहरों में आकर बसने वालों को रोका जा सके।

(3) दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण के लिए कार्ययोजना पहले ही तैयार कर ली गई है और उसे लागू किया जा रहा है।

(4) चेन्नई, मुम्बई और कलकत्ता के लिए इसी प्रकार की कार्य योजनाएं तैयार करने का प्रस्ताव है तथा तदनूसार तमिलनाडु, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल की राज्य सरकारों को इस संबंध में कार्यवाही शुरू करने का अनुरोध किया गया है।

(5) देश में प्रदूषण नियंत्रण के लिए एक मसौदा पर्यावरणीय कार्ययोजनास तैयार की गई है और इस पर 14 जुलाई, 1998 को राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के अध्यक्षों और सदस्य सचिवों की बैठक में विचार किया गया है। इस कार्य योजना में विभिन्न सोतों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने का प्रस्ताव है।

(6) बहुत अधिक प्रदूषित क्षेत्रों में पर्यावरण की गुणवत्ता को बनाए रखे के लिए कार्य-योजनाएं तैयार की गई हैं।

(7) प्रदूषण के प्रभावों पर जन जागरूकता अभियान।

### Reconstitution of ICHR

*546. SHRI V.N. GADGIL: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) what are the reasons for reconstituting the Indian Council for Historical Research;